# <u>प्रेस नोट</u>
## <u>थाना प्रेमनगर(साइबर सेल), झाँसी</u>

**<u>दिनांक – 11.09.2026</u>**

- **झाँसी पुलिस की साइबर अपराध के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना प्रेमनगर साइबर सेल द्वारा साइबर फ्राड का शिकार हुए पीड़ित की 50,000/- रुपए की धनराशि पीड़ित के खाते में बरामद करायी गयी,**

कृपया अवगत कराना है कि साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम उ0प्र0 लखनऊ श्री विनोद के0 सिंह के निर्देशानुसार तथा पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु आमजन, बच्चों एवं महिलाओं को जागरूक किए जाने तथा साइबर ठगी के पीड़ितों की धनराशि वापस कराए जाने के क्रम में आज दिनांक 11.09.2026 को थाना प्रेमनगर क्षेत्रान्तर्गत आवेदिका- **श्रीमती कमलेश मालवीय पत्नी श्री महेश प्रसाद निवासी- नैनीगढ़ नियर पहारु मैरिज होम थाना प्रेमनगर जनपद- झाँसी** के साथ दिनांक 03.03.2026 को हुई ₹50,000/- की साइबर ठगी (UPI फ्रॉड) के संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रेमनगर की साइबर सेल टीम द्वारा फ्रॉड की धनराशि पर बैंक के माध्यम से होल्ड लगवाकर आवश्यक कार्यवाही की गई। परिणामस्वरूप ठगी गई **पूर्ण धनराशि ₹50,000/- आवेदिका के बैंक खाते में सफलतापूर्वक रिफंड कराई गई।**

आवेदक- श्रीमती कमलेश मालवीय पत्नी श्री महेश प्रसाद निवासी- नैनीगढ़ नियर पहारु मैरिज होम थाना प्रेमनगर जनपद- झाँसी द्वारा थाना प्रेमनगर पुलिस एवं साइबर टीम की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

**<u>बरामद की गयी धनराशि</u> – कुल 50,000/- रुपए**

**<u>बरामद कराने वाली टीम का विवरण-</u>**

1. निरीक्षक तुलसीराम पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर जनपद झांसी
2. उ0नि0 रविकान्त शुक्ल ,साइबर सेल प्रभारी थाना प्रेमनगर झांसी
3. म0का0 सपना गौतम साइबर सेल थाना प्रेमनगर झांसी
4. रि0आ0 प्रिंस गौतम साइबर सेल थाना प्रेमनगर झांसी